देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 207 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...चिंता की एक और वजह




# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 19 नवंबर 2020

PAGE 3 PUBLICATION




मौसम अधिकतम 24.0° न्यूनतम 9.0° | 37244.59

2 मालदीव के पूर्व पीएम का छलका दर्द

7 आलिया भट्ट की शादी का राज

## संक्षिप्त समाचार

### गोवा की पूर्व राज्यपाल मृदुला सिन्हा का निधन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। गोवा की पूर्व राज्यपाल, साहित्यकार और बीजेपी नेता मृदुला सिन्हा का बुधवार को 77 साल की उम्र में निधन हो गया। वह अगस्त 2014 से अक्टूबर 2019 तक गोवा की राज्यपाल रही थीं। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत तमाम दिग्गजों ने शोक जताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने सिन्हा के निधन पर दुख जताते हुए ट्वीट किया, लोकसेवा को लेकर अपने प्रयासों के खातिर श्रीमती मृदुला सिन्हा याद की जाएंगी। वह एक कुशल लेखक भी थीं और साहित्य के साथ-साथ संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनके निधन से दुखी हूं।

### सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की शिक्षामित्रों की याचिकाएं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों में 69000 सहायक शिक्षक भर्ती के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बहुप्रतीक्षित फैसला सुना दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ शिक्षामित्रों की अपील को खारिज कर दिया है। सर्वोच्च आदालत ने यूपी सरकार के फैसले पर मुहर लगाते हुए बढ़े हुए कटऑफ को अनुमति दे दी है।

### दिल्ली में फिर से नहीं लगेगा लॉकडाउन, दुकानदार न हों परेशान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली के प्रमुख बाजारों में लॉकडाउन लगने की अटकलों के बीच डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने कहा है कि व्यापारियों और दुकानदारों को डरने की जरुरत नहीं है। ऐसा कुछ होने नहीं जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि आपकी दुकानें खुली रहें। यदि जरुरत पड़ी तो कुछ बाजारों में नियमों में सख्ती बरती जा सकती है, लेकिन यह किसी प्रकार का लॉकडाउन नहीं होगा। मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली सरकार का लॉकडाउन लगाने का कोई इरादा नहीं है।

# कोविड की रफ्तार पर रोक की जद्दोजहद

## केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बताया-उठाए जा रहे कौन-कौन से कदम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली में कोविड-19 महामारी के तेजी से बढ़ते मामलों पर रोक लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और प्रदेश के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बीच हुई मीटिंग के फैसलों के मुताबिक तेजी से कदम उठाए जा रहे हैं। 15 नवंबर को हुई इस मीटिंग में 12 फैसले लिए गए थे जिन्हें तत्काल प्रभाव से लागू किए जा रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को मीटिंग में लिए फैसलों पर हो रहे कामों का ब्योरा दिया।

**पहुंच रहे हैं डॉक्टर और स्टाफ** गृह मंत्रालय ने बताया कि मीटिंग में लिए गए फैसले के तहत केंद्रीय सशस्त्र बलों के 45 डॉक्टर और 160 पैरामेडिकल स्टाफ दिल्ली पहुंच चुके हैं। दिल्ली एयरपोर्ट के नजदीक रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (क्क्क) के अस्पताल और छतरपुर के कोविड केयर सेंटर में

**45 डॉक्टर और 160 पैरामेडिकल स्टाफ दिल्ली पहुंच चुके**

इनकी तैनाती होगी। बाकी डॉक्टर और स्टाफ भी अगले कुछ दिनों में दिल्ली पहुंच जाएंगे।

**बीईएल ने भेजे 250 वेंटिलेटर** वहीं, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने भी बेंगलुरू से 250 वेंटिलेटर भेज चुकी है जो संभवतः इस वीकेंड दिल्ली पहुंच जाएगी। उधर, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दिल्ली एयरपोर्ट के पास डीआरडीओ कोविड सेंटर को 35 BIPAP मशीन दिए हैं।

वहीं, 25 BIPAP मशील दिल्ली सरकार को भी दी जाएंगी। उधर, डीआरडीओ भी अगले चार-पांच दिनों में 35 और BIPAP बेड एयरपोर्ट वाले कोविड सेंटर में लगाएगा। इसके अतिरिक्त उसे 250 और आईसीयू बेड भी लगाने हैं।



**प्राइवेट अस्पतालों के दौरे के लिए 10 टीमों का गठन**

गृह मंत्रालय ने विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता वाली 10 टीमों का गठन किया है जो दिल्ली के 100 से ज्यादा निजी अस्पतालों का दौरा करेंगी। ये टीमें प्राइवेट हॉस्पिटलों में बेडों की उपयोगिता और टेस्टिंग की क्षमता का ब्योरा जुटाएगी ताकि यह पता लगाया जा सके कि किन अस्पतालों में अतिरिक्त आईसीयू बेड लगाए जा सकते हैं।

**घर-घर सर्वे की प्रक्रिया इसी हफ्ते होगी शुरू:** इसके अतिरिक्त दिल्ली में घर-घर जाकर सर्वे करने की प्रक्रिया भी अडवांस्ड स्टेज में है। इस सप्ताहांत सर्वे शुरू होने की संभावना है जो 25 नवंबर को खत्म हो जाएगा। भारतीय आर्युविज्ञान अनुसंधान परिषद और दिल्ली सरकार आरटी-पीसीआर टेस्टिंग को इस महीने के आखिर तक बढ़ाकर रोजाना 60 हजार तक करने की दिशा में काम कर रही हैं। 17 नवंबर तक रोजाना 10 हजार टेस्ट करने की क्षमता प्राप्त हो चुकी थी।

**आईसीएमआर भी करेगी दिल्ली सरकार की मदद:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आईसीएमआर को निर्देश दिया है कि वो 20 मोबाइल टैस्टिंग लैब तैनात करे ताकि घर-घर जांच में दिल्ली सरकार की मदद हो सके। आदेश के अनुसार आईसीएमआर को चरण-दर-चरण कुल 20 हजार टेस्ट की क्षमता हासिल करनी है। इसकी शुरुआत अगले हफ्ते से होनी है। साथ ही, आईसीएमआर दिल्ली के प्रयोगशालाओं की जांच क्षमता हर दिन 2,000 बढ़ाने में भी मदद करेगी। इसके लिए मैन पावर मुहैया कराया जाएगा। कर्मियों से ज्यादा शिफ्ट कराए जाएंगे, ज्यादा उपकरण लगाए जाएंगे और प्राइवेट सेक्टर के प्रयोगशालाओं को भी इस काम में शामिल किया जाएगा।

# जिंदा रहोगे तभी तो कोई त्योहार मना पाओगेः हाईकोर्ट

## छठ पूजा पर रोकः केजरीवाल सरकार को दिल्ली हाई कोर्ट से राहत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। छठ पूजा के सामूहिक आयोजन पर पाबंदी को लेकर विपक्ष के किरकिरी झेल रही अरविंद केजरीवाल सरकार को दिल्ली हाई कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। हाई कोर्ट ने भी छठ पर पाबंदी लगाने के सरकार के फैसले को हरी झंडी दे दी है। कोर्ट ने कहा कि छठ पूजा के सामूहिक आयोजन की अनुमित देने पर कोविड-19 महामारी में तेज वृद्धि की आशंका रहेगी। वहीं, उप-राज्यपाल अनिल बैजल ने भी दिल्ली सरकार को कुछ इलाकों में स्थानीय स्तर पर लॉकडाउन लगाने की अनुमति दे दी है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को एलजी के जरिए केंद्र सरकार से कोरोना हॉटस्पॉट एरियाज में कुछ गतिविधियों पर पाबंदी लगाने की अनुमति मांगी थी।

दिल्ली सरकार के फैसले के खिलाफ छठ पूजा के आयोजन की अनुमति लेने के लिए दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दी गई थी। इस पर कड़ी टिप्पणी करते हुए हाई कोर्ट ने कहा कि श्जिंदा रहेंगे, तभी तो कोई त्योहार मना पाओगे।श हाई कोर्ट ने यह कहते हुए याचिका ठुकरा दी कि लगता है याचिकाकर्ता को दिल्ली के हालात की जानकारी नहीं है। ऐसे हालातों में भीड़ इकट्ठा होने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

**नीति आयोग की चेतावनी:** बहरहाल, नीति आयोग ने भी कहा है कि दिल्ली में अभूतपूर्व हालात पैदा हो गए हैं जो आगामी सप्ताह में और बिगड़ सकते हैं। उसने आशंका जताई कि दिल्ली में प्रति 10 लाख कोविड-19 महामारी से पीड़ितों की दर मौजूदा 361 से बढ़कर 500 तक पहुंच सकती है।

आयोग ने त्योहारों में कोरोना से बचाव के सारे नियमों की धज्जियां उड़ाने को इसकी बड़ी वजह बताया है।

**बीजेपी ने केजरीवाल सरकार पर साधा निशाना**

दिल्ली सरकार ने फिर से भीड़ जुटने की आशंका में छठ पूजा के सामूहिक आयोजन पर रोक लगाने का फैसला किया। इस मुद्दे बीजेपी और कांग्रेस, दोनों विपक्षी दलों ने केजरीवाल सरकार को निशाने पर ले लिया। इसी कड़ी में दिल्ली बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष और सांसद ने मनोज तिवारी ने सीएम अरविंद केजरीवाल को अपशब्द तक बोल दिए है। तिवारी ने कहा कि गाइडलाइंस के नाम पर झूठा ड्रामा किया जा रहा है।

# बिहार चुनाव में हार पर कांग्रेस में सिर फुटव्वल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की हार का ठीकरा कांग्रेस पर फूटने के बाद पार्टी के नेता आपस में ही भिड़ रहे हैं। वरिष्ठ वकील और कांग्रेसी नेता कपिल सिब्बल ने पार्टी नेतृत्व पर सवाल उठाए हैं। लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी ने उन्हें आड़े हाथों लिया। अधीर ने कहा कि जिन लोगों ने बिहार चुनाव और विभिन्न राज्यों में हुए उपचुनावों में कोई योगदान नहीं दिया, उन्हें कुछ भी बोलने से पहले सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिना कुछ किए बोलने का मतलब आत्मविश्लेषण नहीं है।

चौधरी ने कहा, कपिल सिब्बल ने पहले भी इस बारे में बात की थी। वह कांग्रेस पार्टी और आत्मनिरीक्षण की जरूरत के बारे में बहुत चिंतित हैं। लेकिन हमने बिहार, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश या गुजरात चुनावों में उनका चेहरा नहीं देखा।

**सलमान खुर्शीद ने भी सिब्बल पर उठाए सवालः** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने बिहार

**सवाल**

■सिब्बल भड़के अधीर रंजन-चुनाव में तो चेहरा नहीं दिखा

विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन को लेकर सवाल करने वाले नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनके कई ऐसे पार्टी सहयोगी हैं जो आदतन संदेह करने वाले हैं और समय-समय पर बेचैनी से घिर जाते हैं। खुर्शीद ने कहा कि अगर लोग कांग्रेस की उदारवादी मूल्यों की राजनीति को समर्थन नहीं दे रहे हैं तो पार्टी को बीच का रास्ता अपनाने के बजाय लंबे संघर्ष के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर की एक शायरी का उल्लेख करते हुए कहा, 'न थी हाल की जब हमें खबर, रहे देखते औरों के ऐबो हुनर, पड़ी अपनी बुराइयों पर जो नजर, तो निगाह में कोई बुरा न रहा...। बहादुर शाह जफर और उनके ये शब्द हमारे पार्टी के उन कई सहयोगियों के लिए सार्थक उपमा की तरह हो सकते हैं जो समय-समय पर बेचैनी से घिर जाते हैं।'


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# ओसामा के अंत पर ओबामा ने खोले राज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की नई किताब अ प्रॉमिस्ड लैंड ने इन दिनों सिर्फ अमेरिका ही नहीं, दुनिया कई देशों की राजनीति में हलचल मचा रखी है। इस किताब के एक हिस्से में ओबामा ने एबटाबाद में आलकायदा सरगना ओसामा बिन लादेन के ठिकाने पर छापा मारने के अभियान के बारे में भी कई खुलासे किए हैं। ओबामा ने बताया है कि उन्होंने इसमें पाकिस्तान को शामिल करने से इनकार कर दिया था, क्योंकि यह खुला रहस्य था कि पाकिस्तान की सेना, खासकर उसकी खुफिया सेवा में कुछ तत्वों के तालिबान और शायद अलकायदा से भी संबंध थे और वे कई बार अफगानिस्तान और भारत के खिलाफ सामरिक पूंजी के तौर पर इनका इस्तेमाल करते थे।

**पाकिस्तान सेना से जुड़े थे तालिबान, अलकायदा के तार**

उन्होंने बताया कि इस अत्यधिक खुफिया अभियान का तत्कालीन रक्षा मंत्री रोबर्ट गेट्स और पूर्व उपराष्ट्रपति और मौजूदा निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने विरोध किया था।